>

Title: Need to release funds for award of scholarships to SC, ST and OBC Students in Rajasthan

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर): सभापति महोदय, भारत सरकार की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति देने की योजना है। योजनान्तर्गत पंचवÂ◌ा◌ावय योजना के अन्त में व्यय राशि आगामी पंचवÂ◌ा◌ावय योजना में राज्य सरकार द्वारा पूर्व दायित्व के रूप में वहन की जाती है। भारत सरकार द्वारा पूर्व दायित्वों के अतिरिक्त नवीन दायित्वों पर होने वाली समस्त व्यय राशि को वहन किया जाना है।

राजस्थान राज्य द्वारा दसवीं पंचवÂ◌ा◌ावय योजनान्तर्गत नवीन दायित्वों की देय समस्त राशि का भुगतान भारत सरकार द्वारा अभी तक नहीं किया गया है, जो क्रमशः अनुसूचित जाति के लिए 11 करोड़ रुपये, जनजाति के लिए 10 करोड़ रुपये व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एक करोड़ रुपये राज्य मद से व्यय किया गया है। प्रतिवÂ◌ान निजी क्षेत्र में व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं के खुलने से उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि से छात्रवृत्ति की राशि में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। भारत सरकार द्वारा पूर्व दायित्व की छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति 17.47 करोड़, जनजाति की 30.27 करोड़, अन्य पिछड़ा वर्ग की 16.6 करोड़ रुपये, कुल 64.34 करोड़ रुपया बकाया है, जिसके शीघ्र भुगतान हेतु माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री से मैं आग्रह करता हूं।